हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 28 अगस्त 2025

04 बरसते पानी में गूंजा गणपति बप्पा मोरिया घरों और...



07 सड़कों को किया जाएगा गड्ढा मुक्त अतिक्रमण...





## खबर संक्षेप




### कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित

**सीहोर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने नागरिकों से चर्चा कर उनकी समस्याएं जानी और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 38 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों एवं ग्राम पंचायतों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई।

### पिछले 24 घंटे में 3.1 एमएम औसत वर्षा दर्ज

**सीहोर।** जिले में बीते 24 घंटे में सुबह 8 बजे तक 3.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केंद्र सीहोर में 4, मिलीमीटर, श्यामपुर में 0, आष्टा में 10, जावर में 0, इछावर में 0, भैरूंदा में 5, बुधनी में 1, रेहटी में 4.6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में 1 जून से 26 अगस्त को सुबह 8 बजे तक 811.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 912.4 मिलीमीटर थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1148.4 मिलीमीटर है।

### दो कंपनियां बदलीं, फिर भी हालात जस के तस, सड़क जर्जर और गहरे गड्ढों में तब्दील

# भैरुंदा-संदलपुर सड़क की दुर्दशा, 40 किमी के सैकड़ों गड्ढे वाहन चालक-राहगीरों को हादसों से दे रहे दर्द और जख्म

वहीं इटावाकला से लेकर बड़नगर तक सड़क पूरी तरह से उखड़ गई है। इस दो किमी सड़क पर भारी वाहन बने गड्ढे में फंस रहे हैं।





हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

भैरूंदा से संदलपुर करीब 40किलोमीटर की सड़क में सैकड़ों की संख्या गहरे गड्ढों में तब्दील हो गई है। इस सड़क मार्ग पर सरकार ने करोड़ों रुपए लगात मरम्मत कार्य कराया गया था। लेकिन ठेकेदार के घटिया कार्य में सड़क फिर से गड्ढों में तब्दील हो गई।

**दो कंपनियों बदली, फिर भी हालात जस के तस सड़क जर्जर, और गहरे गड्ढों में तब्दील** : भैरुंदा संदलपुर मार्ग इस समय चर्चाओं में बना हुआ है। क्योंकि करोड़ो रुपए का पेजवर्क दो बड़ी कंपनियों ने किया था। पहले बिंदल कांट्रेक्शन कन्नौद ने करोड़ों रुपए लेकर पेजवर्क किया फ़िर श्री गोपाल कांट्रेक्शन भोपाल ने करोड़ों रुपए लेकर पेजवर्क और मरम्मत का कार्य किया फिर भी हालात वहीं बने जैसे पहले थे। फिर वहीं गहरे गड्ढे में तब्दील हो गई। जिससे अब राहगीरों का चलना दुश्वार सा हो गया है।

**इस मार्ग से हजारों वाहनों का लगा रहता है आना जाना प्रशासन की अनदेखी बड़े हादसे का इंतजार** : भैरुंदा,संदलपुर सड़क मार्ग पर रोजाना हज़ारों का आना जाना लगा रहता है। वहीं इटावाकला से लेकर बड़नगर तक सड़क पूरी तरह से उखड़ गई है। इस दो किमी सड़क पर भारी वाहन बने गड्ढे में फंस रहे हैं। तो यात्री बस भी इन गड्ढों में फंस रही है।जिससे लगता है, बड़ी दुर्घटना होने का इंतज़ार प्रशासन कर रहा है। दो पहिया वाहनों से चलना इतना मुश्किल है कि जरा सा चौके की हादसे का शिकार होने तय हैं। इस सड़क मार्ग की खबर जनप्रतिनिधि सहित प्रशासन को भी है, फिर अभी अभी तक न कोई कार्रवाई हुई है। न ही मरम्मत का कार्य शुरू किया गया। जिससे कोई बड़ी दुर्घटना का इंतज़ार है।

**कांग्रेस नेता विक्रम मस्ताल ने शासन प्रशासन पर कसा तंज**

भैरूंदा से संदलपुर रोड पुनः दुर्दशा का शिकार। पिछले कई वर्षों से भ्रस्टाचार और सत्ता के ठेकेदारों हठधर्मिता और शासन प्रशासन की उदासीनता हमेशा से शिकार ये सड़क आज भी अपनी जीर्णशीर्ण अवस्था में स्थाई सुधार की राह देख रही। आप सभी भली भाँति जानते है कि इटावाकला से बड़नगर के बीचों बीच सड़क हमेशा टूट जाती भाजपा के चहेते ठेकेदार हर बार लीपापोती करके अपनी जिम्मेदारी से इतिश्री कर लेते हैं। भाजपा शासन प्रशासन के चहेते भ्रष्ट ठेकेदारों और भ्रष्ट जिम्मेदारों पर इतनी मेहरबानी क्यों। एसडीएम सुधीर कुमार ने बताया कि अभी एनएचएआई को अवगत कराया उन्होंने बताया फिलहाल बारिश का दौर है। अभी मरम्मत कार्य नहीं हो सकता है। जैसे हो बारिश का दौर खत्म होता है। मरम्मत कार्य शुरू किया जाएंगा, फिलहाल छोटे, बड़े गड्ढों में भर्ती मटेरियल से भराव का कार्य किया जा रहा है।

## कोटवारों ने तिरंगा यात्रा निकाल कर जताया विरोध, सौंपा ज्ञापन

### मध्य प्रदेश आजाद कोटवार कर्मचारी संघ ने दिया कलेक्टर के नाम ज्ञापन




**सीहोर।** सैकड़ों कोटवारों ने तिरंगा यात्रा निकालकर शहीदों को नमन किया और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कोटवारों के हित में की गई घोषणाओं और आदेशों का पालन नहीं करने सहित कोटवारों पर जारी अन्याय अत्याचारों को लेकर कड़ा विरोध भी दर्ज कराया। मंगलवार को मध्य प्रदेश आजाद कोटवार कर्मचारी संघ से जुड़े जिले भर के कोटवार टाउनहाल परिसर में एकत्रित हुए। जहां से तिरंगा रैली के रूप में नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नाम का ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर वंदना राजपूत को दिया। पुलिस जैसी वर्दी पहनकर तिरंगा रैली में शामिल हुए कोटवारों ने मध्य प्रदेश आजाद कोटवार कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष छगनलाल मालवीय के नेतृत्व में दिए गए। ज्ञापन में बताया कि राजस्व विभाग के कोटवार विरोधी फैसले लेकर कोटवारों को प्रताडित कर रहा है। इधर कोटवार पंचायत 2007 और 2023 में वर्तमान केंद्रीय कृषि मंत्री पूर्व मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कोटवारों के हित में दिए गए आदेशों और पंचायत में की गई घोषणाओं का पालन सरकार के द्वारा जानबूझकर नहीं किया जा रहा है। गलत तरीके से भिंड जिले की अटेर तहसील में 31 कोटवारों को हटा दिया गया है और उनकी सेवा भूमि पर कब्जा कर लिया गया है। खंडवा जिले की पंधाना तहसील में अधिकारी के बंगले पर ड्यूटी कर रहा कोटवार संदिग्ध अवस्था में मृत पाया गया है। इस घटना की अब तक जांच नहीं की गई है। इसी प्रकार सीहोर जिले के एक बाहुवली नेता ने मूल कोटवार को हटवाकर अपने घरेलू नौकर को कोटवार बना दिया है। जिस का मध्य प्रदेश आजाद कोटवार कर्मचारी संघ विरोध करता है और मूल कोटवार को नियक्त करने की मांग करता है। कोटवारों द्वारा निरंतर प्रदेश व्यापी आंदोलन किए जा रहे है मुख्यमंत्री मंत्री और प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन दिए जा रहे है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। अब दुखी होकर अंतिम उपाय के रूप में भारत माता से प्रार्थना करने के लिए भोपाल में 4 सिंतबर को निकाली जा रही तिरंगा यात्रा में शामिल होंगे। इस मौके पर बड़ी संख्या में कोटवार मौजूद रहे।

## दिव्यांग बच्चों ने मिट्टी से निर्मित की भगवान गणेश की प्रतिमाएं अधिकारियों ने खरीदीं

### दिव्यांग बच्चों को किया प्रोत्साहित



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन तथा अधिकारियों ने दिव्यांग बच्चों द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में लगाए गए स्टॉल से मिट्टी से बनी हुई भगवान गणेश की मूर्तियां खरीदी। उन्होंने बच्चों द्वारा बनाई गई मूर्तियों को सराहा और बच्चों को प्रोत्साहित किया। कलेक्ट्रेट परिसर में वसुंधरा विशेष विद्यालय के दिव्यांग बच्चों द्वारा मिट्टी से बनीं भगवान गणेश की मूर्तियों का स्टॉल लगाया गया है। यह मूर्तियां इन बच्चों ने अपने हाथों से बनाई हैं और प्राकृतिक कलरों से इन्हें सजाया है। जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन के साथ ही संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, एसडीएम नितिन टाले, तन्मय वर्मा, उप संचालक महेश यादव सहित अन्य अधिकारियों ने भी दिव्यांग बच्चों द्वारा मिट्टी से बनाई गई भगवान गणेश की मूर्तियां खरीदी और उन्हें प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष अर्जुन सिंह सहित बच्चे उपस्थित थे।

## जीआइएस 2.0 में पटवारियों को हो रही समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शासन द्वारा एक अपूर्ण साफ्टवेयर देव जीआईएस 2.0 पर कार्य करने के लिए मप्र के संपूर्ण पटवारियों को कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया है। जिसमें कई प्रकार की व्यवहारिक कठनाई और समस्या है। जिन्हें जल्द ही दूर किया जाना है। बिना व्यवहारिक कठनाई और समस्या को दूर किए बगैर अपूर्ण नाफ्टवेयर वेग जीआईएस 2.0 शुरु कर दिया गया है। जितने न्यायालयों के आदेश का पालन नहीं किया जा सकता है। जिसका दोषारोपण पटवारी संवर्ग को ही दिया जाएगा जो कि न्यायोचित नहीं होगा। ज्ञापन में कहा गया है कि किसान और पटवारियों के लिए बनी समस्या रूपी वेग जीआईएस 2.0 के संबंध में उचित कदम उठाएंगे। फिर भी शासन और प्रशासन द्वारा जीआईएस 2.0 से उपजी समस्याओं के संबंध में पटवारियों पर कोई भी कार्यवाही की जाती है तो पटवारी संवर्ग के हितों की रक्षा के लिए ना चाहकर भी मध्यप्रदेश के संपूर्ण पटवारियों के लिए आंदालन को विवश होना पड़ेगा। जिसकी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने वालों में उपाध्यक्ष मनीष जैन श्यामपुर, हीरालाल मेवाड़ा इछावर, मुरेन्द्र वर्मा शुभकता शर्मा, जिला सह सचिव दुर्गेश रजक, जिला सह कोषाध्यक्ष रोहित वर्मा, राजू अहिरवार, जिला संयोगक सुरेन्द्र जामतिया, संजय, सुनील मालवीय, शशांक गौर, अमनदीप, जिला मीडिया प्रभारी औ प्रवक्ता लोटन पटेल मौजूद थे।

### किराना दुकान से नगदी और सामान चोरी करने वाले दो गिरफ्तार




**इछावर।** नगर में पिछले दिनों किराना दुकान में हुए नगदी सहित लाखों रुपए के किराना सामान चोरी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपियों ने किराना दुकान के अलावा नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में दो अन्य चोरी की घटनाओं को अंजाम देने की बात भी कबूल की है। पुलिस ने आरोपियों से चोरी किया हुआ माल भी बरामद कर लिया है। गौरतलब है कि कुछ दिनों पहले नगर के बस स्टैंड स्थित सपना किराना स्टोर पर अज्ञात चोरों ने धावा बोलते हुए नगदी सहित हजारों रुपए के किराना सामान पर हाथ साफ कर दिया था। इसके अलावा 5 जुलाई को चोर वार्ड क्रमांक 8 में रहने वाले अनिल विश्वकर्मा के घर के सामने बाउंड्रीबाल के अंदर रखी बाइक के टायर, ट्रेक्टर टायर चोरी कर ले गया थे। इसी प्रकार गांव ब्रिजीशनगर निवासी दुर्गा प्रसाद नागर के घर में रखी मोटरसाइकिल भी चोरी हो गई थी। थाना प्रभारी इछावर पंकज वाडेकर के नेतृत्व में उक्त घटनाओं मे माल मुलजिम की पतारशी के लिए टीम का गठन किया गया। टीम को मंगलवार को थाना भैरूंदा द्वारा सूचना दी गई की उनके यहां किराना चोरी के अपराध में गिरफ्तारशुदा आरोपी हेमंत मीणा व राहुल मीणा द्वारा पूछताछ पर इछावर बस स्टैंड स्थित किराना दुकान में चोरी करना स्वीकार किया है। जिसके आधार पर थाना भैरूंदा पहुंचकर आरोपियों की गिरफ्तारी कर उन्हें न्यायालय इछावर से प्रोडक्शन वारंट जारी करवाकर आरोपीगणों का पीआर लिया गया।

### बीते सात दिन से किसान अलग-अलग जगह कर रहे थे जल सत्याग्रह

## फसल बीमा राशि की मांग को लेकर 14 गांव के किसानों ने कलेक्ट्रेट परिसर में दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



इछावर, सीहोर और आष्टा तहसील के करीब 14 से अधिक गांव के किसानों ने समाजसेवी एमएस मेवाड़ा के नेतृत्व में बीमा राशि की मांग को लेकर पीएम, सीएम और कृषि मंत्री के नाम एसडीएम व संयुक्त कलेक्टर के लिए मंगलवार को ज्ञापन सौंपा।

किसानों ने खराब सोयबीन की फसल को हाथों में लेकर कलेक्ट्रेट कार्यालय में दिया धरना। किसान रैली के रूप में बीमा कंपनी के खिलाफ नारे लगाते कलेक्ट्रेट पहुंचे। सीहोर तहसील के ग्राम खामलिया, ग्राम छापरीकलां, लसुड़ियाखास, छोटी मुंगावली, रामाखेड़ी, ढाबला, हीरापुर, चंदेरी, संग्रामपुर, बरखेड़ा खुसाल, डोबरा, नरेला, सेवानिया और आष्टा तहसील के ग्राम पीपलनेर, इछावर तहसील के ग्राम बावड़ियि गोसाई के किसानों ने ज्ञापन देने हुए कहा कि 5 साल से प्राकृतिक आपदा, बाढ़, सूखा, ओला वृष्टि, पानी भराव से उनकी सोयबीन और गेहूं की फसल खराब हो रही है। बीमा कंपनी व शासन से बीमा देने की मांग को लेकर विगत 5 वर्षों से अलग-अलग गांव के किसान कहीं जल सत्याग्रहण करते, पेड़ों पर चढ़कर घंटी बजाते, खराब फसल के खेतों में प्रदर्शन करते आ रहे हैं। किसान व समाजसेवी एमएस मेवाड़ा के नेतृत्व में कलेक्टर सीहोर से लेकर कमिश्नर भोपाल तक ज्ञापन देते चले आ रहे हैं। किसानों को फसल बीमा का लाभ अभी तक नहीं मिला। अभी कुछ ही दिन पूर्व राजस्थान के झुंझुनु से केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा फसल बीमा की राशि डाली गई। जिसमें सीहोर जिला, भोपाल और शाजापुर जिलें के अनेकों गांव के किसानों को बीमा राशि एक रुपए भी नहीं मिली है। कुछ किसानों को बीमा राशि मिली है तो वह 100 से लेकर 200 रुपए प्रति एकड़ मिली है। जो उंट के मुंह में जीरा है। शासन व बीमा कंपनी के खिलाफ विगत एक सप्ताह पूर्व से ही भोपाल के ग्राम टिलाखड़ी के किसान भोपाल तालाब से लगी कुलांसी नदी में जल सत्याग्रहण कर रहे हैं। सीहोर के ग्राम लसुड़यि खास के किसान पार्वती नदी में और ग्राम छोटी मुंगावली के किसान पार्वा नदी में, छापरी कला के किसान सीवन नदी में किसान बीते 7 दिन से जल सत्याग्रहण कर रहे हैं।

**ट्रैक्टर-ट्रॉलियों बैठकर कलेक्ट्रेट पहुंचे किसान**

अपने-अपने गांव से ट्रेक्टर ट्रॉली से खराब सोयाबीन की फसल हाथों में लिए सीहोर कलेक्ट्रेट पंहुचे और रैली के रूप में कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर धरने पर बैठ गए। इस दौरान किसानों ने नारे लगाए की 5 साल से खराब हो रही फसलो का बीमा दो या बीमा काटना बंद करो।

## श्री सत्य साईं विश्वविद्यालय सीहोर में रोजगार मेले का आयोजन होगा

**सीहोर।** देश के उज्वल एवं सुनहरे भविष्य को उचित तथा सार्थक रोजगार के अवसर तलाश रहे भारत के युवा छात्र एवं छात्राओं के लिए श्री सत्य साईं प्रौद्योगिकीएवं चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्याल सीहोर द्वारा एक भव्य रोजगार मेले का आयोजन विश्वविद्यालय के प्रांगण में बड़े हर्ष और उल्लास के साथ किया जा रहा है। निर्माण उद्योग विकास परिषद नई दिल्ली के तत्वावधान में रोजगार मेले का आयोजन दिनांक 28 व 29 अगस्त को किया जाएगा।

इस अवसर पर देश-विदेश की प्रतिष्ठित कम्पनियों द्वारा 150 से भी अधिक विद्यार्थियों का चयन किया जाना है। इसके अतिरिक्त टाटा पवार प्रोजेक्ट तथा अन्य प्रमुख संस्थाओं में के अवसरों के साथ साथ निशुल्क बी-वाक पाठ्यक्रम की भी संभावना रहेगी। इसके साथ ही विश्वविधालय परिसर में इस अवसर पर इंडसट्रियल पार्क की स्थापना भी की जा रही है।

इस मेले का आयोजन विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मुकेश तिवारी के मार्गदर्शन एव नेतृत्व में किया जाएगा उनका कहना है कि इस भव्यआयोजन मे सभी युवा बढ़चढ़कर रजिस्ट्रेशन करायें तथा कहाकि प्रशासनिक अधिकारियों के विशेष सहयोग से इस आयोजन को मूर्तरूप दिया जाना हैं। इस मेले में लगभग 1500 छात्र एवं छात्राओं द्वारा इस रोजगार मेले मे आन लाइन रजिस्ट्रेशन किया गया है। चेयरमैन डा. सुनील कपूर की और से सभी युवाओं को अग्रिम शुभकामनाएं दी जाती है तथा कुलपति द्वारा रजिस्ट्रेशन हेतु देश के सभी युवाओं को इस मेले में भाग लेने के लिए हार्दिक बधाई प्रेषित की गई।

**खबर संक्षेप**

## पर्युषण पर्व समाप्ति पर हुआ प्राणि मात्र के प्रति मैत्री रूप संवत्सरी का महाप्रतिक्रमण



**देवास।** श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ मंदिर तुकोगंज रोड पर 27 अगस्त को पर्युषण पर्व की पूर्णाहुति हुई। इस अवसर को संवत्सरी महापर्व के रूप में मनाया गया। जिसके अंतर्गत महाप्रतिक्रमण करके जगत के प्राणीमात्र के प्रति हमारे द्वारा किसी भी प्रकार से हुई भूलों के लिये क्षमा मांगी गई। कई भव्य आत्माओं ने पौषध करके साधु जीवन का एक दिवसीय परिपालन किया । गर्म जल के आधार पर नन्ने मुन्हे बच्चो से लेकर बुजुर्गो तक ने उपवास किया।महान ग्रंथ कल्पसूत्र के सार रूपी पवित्र ग्रंथ बारसा सूत्र का वांचन किया गया। इस ग्रंथ को वांचन के लिये भेंट करने का लाभ किरण मिनेश कटारिया एवं चंचल विनोद जैन परिवार ने प्राप्त किया। बारसा सूत्र के चित्र दर्शन का भी कार्यक्रम हुआ। इसके पश्चात चौत्य परिपाटी निकाली गई। हितांशी यतिन्द्र जैन एवं अपेक्षा राकेश कुमार जैन के आठ दिवसीय उपवास अठाई तप के उपलक्ष्य में शोभा यात्रा निकाली गई।

## सपनों का शहर देवास गीत का यू ट्यूब पर प्रसारण आज

**देवास।** शहर के गीतकार कालिदास ढवले द्वारा सपनों का शहर देवास शीर्षक से एक गीत की रचना की गई। उक्त गीत में गौतम गडोईया द्वारा संगीत तथा विडियोगाफी जयंत सांखला द्वारा की गई है। उक्त गीत को देवास शहर के जाने माने गायक देवेन्द्र पंडित ने अपनी आवाज से सजाया है। उक्त गीत गणेशोत्सव के अवसर पर आज 28 अगस्त को यू ट्यूब पर प्रसारित किया जाएगा तथा सभापति रवि जैन के सिद्धिविनायक गणेश मंदिर लाल गेट के राजा के मंच पर विमोचन कर दिखाया जाएगा। इस गीत देवास की प्रमुख जगहों पर दिखाया गया है जिससे कि दूर तक देवास की ख्याति हो।

### गणपति बप्पा मोरिया के जयघोष के साथ दस दिवसीय गणेशोत्सव की शुरुआत

# बरसते पानी में गूंजा गणपति बप्पा मोरिया घरों और पंडालों में विराजे विघ्नहर्ता गणेश

### भक्तों ने ढोल-ताशे, गाजे-बाजों के साथ गणपति बप्पा की मनमोहक प्रतिमाओं को अपने घरों में किया स्थापित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

बरसते पानी के बीच गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर देवास भक्ति और उत्साह के रंग में रंग गया। हर तरफ गूंज रहे थे गणपति बप्पा मोरिया के जयघोष और इस शुभ घड़ी के साथ ही दस दिवसीय गणेश उत्सव की धूम शुरू हो गई है। चतुर्थी के इस खास दिन से मानो देवास में व्यापारिक सीजन का भी श्रीगणेश हो गया, जिससे व्यापारियों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। भक्तों ने ढोल-ताशों और गाजे-बाजों के साथ गणपति बप्पा की मनमोहक प्रतिमाओं को अपने घरों में स्थापित किया।

हर कोई विघ्नहर्ता से सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना करता दिखा। शहर के एमजी रोड, मंडूक पुष्कर, सुभाष चौक, नॉवेल्टी चौराहा और जवाहर चौक जैसे प्रमुख बाजारों में दिन भर रौनक बनी रही। रंग-बिरंगी गणेश प्रतिमाएं भक्तों का मन मोह रही थीं। गणेश चतुर्थी का यह पर्व न सिर्फ भक्ति, बल्कि व्यापार के लिए भी शुभ संकेत लेकर आया है। कपड़े, सोना-चांदी, इलेक्ट्रॉनिक्स और फर्नीचर जैसी दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ उमड़ी। बाजारों में बढ़ती खरीदारी से कारोबारियों के चेहरे खिल गए हैं। आने वाले तीन महीने, जिसमें नवरात्रि, दशहरा और दिवाली जैसे बड़े त्योहार शामिल हैं, व्यापारिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं। यह उत्सव सिर्फ पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है, बल्कि यह बाजार में नई जान फूंकने वाला एक शुभ अवसर भी है। लोग अब खुलकर खरीदारी कर रहे हैं, जो आने वाले त्योहारों के सीजन के लिए एक बेहतरीन शुरुआत है। देवास में भक्ति और व्यापार का यह अद्भुत संगम एक नए उत्साह और समृद्धि का संकेत दे रहा है।



### निगम कार्यालय में हुई गणेश स्थापना

बुधवार को श्री गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर भगवान श्री गणेश की स्थापना महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल के द्वारा नगर निगम कार्यालय मे विधि विधान से पूजा अर्चना कर की गई। इस अवसर पर विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, निगम स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष व गणेशोत्सव समिति अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिह बैस, लोक निर्माण समिति अध्यक्ष एवं गणेशोत्सव समिति उपाध्यक्ष गणेश पटेल, निगम योजना एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग समिति अध्यक्ष प्रतिनिधि बाबु यादव, भाजपा नेता विपुल अग्रवाल, निगम उपायुक्त देवबाला पिपलोनिया, जाकिर जाफरी, सहायक यंत्री जगदीश वर्मा, सौरभ त्रिपाठी, मुशाहीद हन्फी, स्वास्थ्य अधिकारी जितेन्द्र सिसोदिया, कार्यालय अधिक्षक अशोक देशमुख, स्वच्छता निरीक्षक हरेन्द्रसिह ठाकुर, उपयंत्री श्याम सुन्दर रघुवंशी, राजेश कौशल, दिनेश मिश्रा, उमेश चतुर्वेदी, महेन्द्र सोनगरा, कुणाल दुबे आदि ने भी भगवान श्री गणेश जी की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर महापौर ने शहरवासियों को श्री गणेश चतुर्थी की शुभकामनाए देते हुए बधाई प्रेषित की।





### शहर जिला कांग्रेस कार्यालय में विघ्नहर्ता गणेश की हुई स्थापना

**देवास।** परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी शहर जिला कांग्रेस कार्यालय में भगवान विघ्नहर्ता गणेश जी की प्रतिमा विधि-विधान और पूजा-पाठ के साथ स्थापित की गई। इस अवसर पर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम और जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी ने कहा कि भगवान गणेश की असीम कृपा से शहर में सुख, समृद्धि और शांति बनी रहे, खुशहाली आए तथा सभी लोग आपस में मिलजुलकर रहें, यही हमारी कामना है। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता भगवान सिंह चावड़ा, सुधीर शर्मा, रमेश व्यास, विक्रम मुकाती, गुरु चरण सिंह सलूजा, चंद्रपाल सिंह सोलंकी, रोशन रायकवार, मनोज सांगते, सुजीत सांगते, मनोज हेतावल, प्रशांत शर्मा, राजेश राठौर, मुकेश शर्मा, कल्याण सिंह पवार, दीपेश हरोड़े सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# जिला जेल में डॉक्टर बनकर घुसने वाले सरकारी कर्मचारी पर प्रकरण दर्ज

### जिला अस्पताल में सहायक ग्रेड-2 पदस्थ बाबू






हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिला अस्पताल में पदस्थ सहायक ग्रेड-2 सुरेश शिंदे ने अपने परिचित से जेल में मुलाकात करने के लिए फर्जी आदेश बना डाला। इस मामले में बुधवार को कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। शिंदे ने ये पत्र सिविल सर्जन के नाम से तैयार किया और उस पर आरएमओ के फर्जी हस्ताक्षर कर दिए। इसी फर्जी दस्तावेज के आधार पर वह सोमवार को जेल में दाखिल हो गया।जेल प्रशासन ने तुरंत हिरासत में लियाजेल प्रबंधन को जब पत्र पर संदेह हुआ, तो उन्होंने जिला अस्पताल से इसकी पुष्टि की। जांच में सामने आया कि ऐसा कोई पत्र अस्पताल की ओर से जारी ही नहीं हुआ था। इसके बाद जेल प्रशासन ने तुरंत सुरेश शिंदे को पकड़ लिया और मामले की जानकारी जिला प्रशासन को दी। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कोतवाली पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस ने सुरेश शिंदे के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 319(2), 336(3) और 340(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली थाना प्रभारी श्यामचंद्र शर्मा ने बताया कि, सिविल सर्जन द्वारा थाना नाहर दरवाजा पर आवेदन दिया था। जहां से यह प्रकरण कोतवाली भेजा गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है कि आखिर शिंदे ने किससे मिलने के लिए जेल में प्रवेश किया और उसके पीछे उद्देश्य क्या था।

### शंकरगढ़ गौशाला में हुई गणेश स्थापना



**देवास।** शंकरगढ़ गौशाला में गणेश जी की स्थापना का आयोजन गौ माताओं की सुरक्षा एवं उनके प्रति सम्मान को समर्पित उद्देश्य से किया गया। इस अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना एवं आरती का कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। आयोजन में नगर निगम देवास के नोडल अधिकारी हरेंद्र सिंह ठाकुर की गरिमामय उपस्थिति रही। उन्होंने संस्था द्वारा गौ सेवा एवं गौ संरक्षण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए अनुकरणीय बताया। संस्था अभिरंग के सक्रिय सदस्य संदीप बैरागी, अनुज श्रीवास एवं संस्था संरक्षणम के सदस्य , रूपाली पटेल ,सत्यम गुर्जर एवं पियूष पटेल ने आयोजन को सफल बनाने में विशेष योगदान दिया।

# आगामी त्यौहारों को लेकर थाना और चौकियों पर हो रही शांति समिति की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



गणेश उत्सव पर्व के साथ ही अन्य कई धार्मिक त्योहार आगामी दिनों में आयोजित होना है, जिसको लेकर पुलिस प्रशासन सख्त नजर आ रहा है। त्योहारों की प्रशासनिक व्यवस्थाओं को मध्य नजर रखते हुए पुलिस थाना कमलापुर अंतर्गत थाना प्रभारी उपेंद्र नाहर द्वारा लगातार शांति समिति की बैठक आयोजित कर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के नियमों एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं को लेकर आम जनता से चर्चा की जा रही है। इसी के चलते पुलिस सहायता केंद्र चापड़ा पर मंगलवार को शांति समिति की बैठक आयोजित कर दिशा निर्देश आयोजन समितियां को दिए गए हैं। इस दौरान थाना प्रभारी उपेंद्र नाहर पुलिस सहायता केंद्र प्रभारी राकेश नरवरिया कि उपस्थिति में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें पुलिस प्रशासन द्वारा निर्धारित किए गए नियमों की जानकारी दी गई है। थाना प्रभारी उपेंद्र नाहर में बताया है कि गणेश उत्सव के दौरान जहां पर भी गणेशजी की प्रतिमा की स्थापना होती है व पंडाल बनाया जाते है, वहां पर एक कार्यकर्ता को रहना अनिवार्य है। हर कार्यक्रमों की गतिविधि की जानकारी संबंधित पुलिस को देना है, जो भी व्यक्ति धार्मिक आयोजन के दौरान शांति भंग करने का प्रयास करेगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से जुलूस जैसे आयोजन के लिए प्रशासनिक अनुमति लेना आवश्यक है। राकेश नरवरिया ने बताया कि गणेश पांडालों पर सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाए जिससे कि सुरक्षा की दृष्टि से निगरानी रखी जा सके। इस दौरान बड़ी संख्या में वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

### श्री गणेशजी का चॉकलेट से किया श्रृंगार



**देवास।** श्री गणेश देवस्थान कालानी बाग देवास पर श्री गणेशजी का चॉकलेट से आलौकिक श्रृंगार के साथ श्री का पूजन, लड्डुओं से अर्चन, मंगल आरती के साथ संपन्न हुआ जिसमे हजारों भक्तों ने लाभ लिया। पूजा के लाभार्थी समाजसेवी ओम विजयवर्गीय (इंदौर) रहे। श्रृंगार प्रतीक्षा निमित माहेश्वरी द्वारा किया गया। उक्त जानकारी महेंद्र दुबे, प्रेम चौधरी, संतोष विजयवर्गीय, अजय कानूनगो ने दी।

# हरतालिका तीज पर 15 हजार से अधिक महिलाओं का हुआ महासंगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



लाल गेट के राजा मंदिर परिसर में हरतालिका तीज के पावन अवसर पर संस्था सिद्धिविनायक महिला मंडल द्वारा आयोजित रात्रि जागरण में 15 हजार से अधिक महिलाओं ने एकत्रित होकर इतिहास रच दिया। भक्ति और उत्साह से सराबोर यह आयोजन नगर में आस्था और संस्कृति का अनूठा प्रतीक बन गया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध भजन गायक द्वारका मंत्री ने अपने सुमधुर भजनों से भक्तिमय वातावरण बनाया और सुबह 5 बजे तक श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया। विधायक गायत्री राजे पवार देर रात तक कार्यक्रम में मौजूद रहीं और महिलाओं की विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि संस्था सिद्धिविनायक महिला मंडल प्रतिवर्ष इस आयोजन को नए आयाम देती आ रही है और अब यह आयोजन इतिहास रच रहा है। आयोजन के संयोजक एवं नगर निगम सभापति रवि जैन ने स्वागत भाषण देते हुए समस्त मातृशक्ति एवं नगरवासियों का धन्यवाद प्रेषित किया और कहा कि यह सफलता महिलाओं की भागीदारी और समाज की एकजुटता का परिणाम है। लाल गेट के राजा मंदिर परिसर में आगामी 10 दिनों तक भव्य गणेश उत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

### कला भारती के संयोजन में पिछले 15 साल से हो रहा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

# चित्रकला प्रतियोगिता पुरस्कार सम्मान समारोह हुआ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



कला भारती के संयोजन में विगत 15 वर्षों से सतत श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर उत्कृष्ट विद्यालय नारायण विद्या मंदिर क्रमांक 2 में 16 अगस्त को संपन्न तीन वर्गो अ,ब,स में चित्रकला रंग भरो प्रतियोगिता के विजेताओं को विद्यालय सभागृह में मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व पूजन कर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकगीत गायक पद्मश्री कालूराम बामनिया, विशेष अतिथि राष्ट्रीय विश्वामित्र सम्मान से सम्मानित अन्तर्राष्ट्रीय कोच एम्पायर खेलगुरु सुदेश सांगते, अतिथि कृष्णाजीराव पवार महाविद्यालय की चित्रकला विभाग अध्यक्ष डॉक्टर प्रतिमा रायकवार, समाजसेवी सोनू पंजाबी, कार्यक्रम के संरक्षक अशोक जाधव की उपस्थिति में प्रदान किया गया। संयोजक प्रकाश पवार ने अतिथि परिचय, संस्था परिचय, तथा 50 वर्ष पूर्व स्थापित कला भारती के संस्थापक सुप्रसिद्ध मूर्तिकार चित्रकार ,पुरातत्ववेत्ता ,साहित्यकार शिक्षाविद एवं कला गुरु स्व. गोपाल पवार के कृतित्व और व्यक्तित्व को याद करते हुए कार्यक्रम की गतिविधियों की जानकारी में बताया। विगत 15 वर्षों से श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर आयोजित प्रतियोगिता में संस्था द्वारा सभी प्रतिभागियों को ड्राइंग शीट,अल्पाहार तथा सभी को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है। संस्था की ओर से तीनों वर्ग में प्रथम, द्वितीय, तृतीय तथा प्रत्येक वर्ग में 10- 10 प्रोत्साहन पुरस्कार जिसमें प्रतीक चिन्ह मेडल तथा सम्मान राशि संस्था द्वारा विजेताओं को प्रदान की जाती है। सभी अतिथियों ने बाल कलाकारों, अभिभावकों तथा उपस्थित गणमान्य जन को संबोधित करते हुए संस्था की सतत 15 वर्षों की साधना में सुव्यवस्थित संपन्न कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए इस प्रकार के कार्यक्रम निरंतर आयोजित करते रहने का आग्रह किया, जिससे प्रतिभाओं को प्रोत्साहन एवं अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर मिले। कार्यक्रम के विशेष सहयोगी प्रफुल्ल काशिव ,विनोद सिंह ,शशिकांत वझे, कविता सिसोदिया, शैलेंद्र सिंह, डॉ रंगभरी काशिव, डॉ नितिन मुंगी, विवेक शेकटकर, सुनील चौधरी, वैभव पवार, आशा सोनी, डॉ मनीषा सोनी राघव पवार आदि सक्रिय सहयोगियों ने अतिथियों का श्रीफल व मोती की मालाओं से स्वागत किया। प्रतियोगिता में कक्षा 1 से 5 तक अ वर्ग में प्रथम पुरस्कार देवांश चौधरी सेंट मैरी कॉन्वेंट ,द्वितीय युवान पवार पायोनियर स्कूल ,तृतीय मानवी चौहान विंध्याचल एकेडमी के साथ 10 प्रोत्साहन पुरस्कार में नवराक्ष सिंह चावड़ा ,समीक्षा धनगर, अमरजीत गांधी, यशस्वी गुजराती रेनू आहाके न्यू ईयर स्कूल से ,मानवी परमार सतपुड़ा एकेडमी से ,अन्या गुप्ता को प्रदान किया गया ।वर्ग ब कक्षा 5 से 8 के समूह में प्रथम पुरस्कार मिताशी मालवी सेनथाम स्कूल, द्वितीय नितिशा पाटीदार, तृतीय शिवांश गुप्ता ज्ञान सागर एकेडमी तथा 10 प्रोत्साहन पुरस्कार में अर्पिता तिवारी, गौरव नामदेव, रिद्धि ठाकुर, इशिता परमार, नमन गोसर ,अरम खान, दिव्या सोलंकी, हिताक्षी केसरवानी, निशी सिंह बेस केंद्रीय विद्यालय, हिमांशी अधगे ने प्राप्त किया। इसी प्रकार वर्ग स, कक्षा 9 से 12 के समूह में प्रथम पुरस्कार पलक नामदेव , द्वितीय शिवराज सिसोदिया उत्कृष्ट विद्यालय, तृतीय पवन चौहान हिमालय एकेडमी के साथ 10 प्रोत्साहन पुरस्कार में दिव्यांशी पांचाल ,दीप्ति खराडकर, वैदेही सोनी सरस्वती विद्या मंदिर, उजला वर्मा ,विद्या यादव, निशाद सोलंकी ,आयुष मालवीय ,दिवांश सोनी, भव्या, रानी अग्रवाल ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन संयोजक प्रकाश पवार ने तथा आभार डॉ मनीषा सोनी ने व्यक्त किया।

# हिन्द फौज सैनिक रिजवान ने जीती मैराथॅन



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

हिन्द फौज कमांडर सीएसएम जितेन्द्र गोस्वामी ने बताया कि इन्दौर में 5 कैटिगरी 24 घंटे, 12 घंटे 6 घंटे 3 घंटे और 2 घंटे स्टेडियम तिरंगा अल्ट्रा मैराथॅन आयोजित की गई। मैराथन में हिन्द फौज सैनिक रिजवान कौसर ने 6 घंटे वाली अल्ट्रा मैराथॅन में भाग लेते हुए 43 किमी लगातार दौडते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया और देवास का मान बढाया। इस उपलब्धि पर हिन्द फौज ने उनका सम्मान किया। इस दौरान हिन्द फौज संचालक कुमेर सिंग वर्मा, देवास जिला पैरा एथलेटिक्स एसोशियशन कोषाध्यक्ष चन्द्रकांत जगताप, देवास रनिंग ग्रुप के सदस्य डॉ. मायाराम चौहान, सुरेश शर्मा, मोना तिवारी, चंद्रशेखर तिवारी, सीमा गिरी, विकास गिरी, अश्विन पैगनीश, श्रीजा अग्रवाल, रवि अग्रवाल, दीपिका बोरीवाल, आरती दायमा, अजय दायमा, ताशीन शेख, सृजनिका लोखंडे, पंकज जायसवाल, पुनीत गिरी, मेघना पुरोहित, कृतिका निरखे, वंदना बक्षी उपस्थित थे। संचालन हिन्द फौज कार्यकारणी संचालक खुशबू पागनिश ने किया एवं अभार रीना पटेल ने माना।

## खबर संक्षेप



### 13 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत

**ललितपुर।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार जिला जज/ अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार झा की अध्यक्षता में आगामी 13 सितम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में समस्त नोडल अधिकारियों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सचिव मयंक जायसवाल, एडीएम अंकुर श्रीवास्तव, एएसपी कालू सिंह, जल संस्थान से मुंशीलाल, एआरटीओ विभाग से लिली चौधरी, एलडीएम रंजीत कुमार, ईओ नगर पालिका दिनेश कुमार विश्वकर्मा, एई विद्युत पुष्पेन्द्र सिंह, बन्दोबस्त अधिकारी चकबंदी राकेश कुमार, वन विभाग से राजकुमार तिवारी, विद्युत विभाग से सालू हुसैन उपस्थित रहे। बैठक में समस्त अधिकारियों से यह अपेक्षा की गयी कि वह आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक से अधिक वादों को नियत करें, जिससे आमजन राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ प्राप्त कर सके ।

### किसानों को बीज वितरण में गबन का आरोप

**ललितपुर।** तहसील मड़ावरा अंतर्गत ग्राम बमराना में रहने वाले किसानों ने लामबंद होकर जिलाधिकारी को एक पत्र भेजा है। पत्र में बताया कि यहां के किसान काफी परेशान हैं। किसानों को सरकार की ओर से बीज मिलता है, जो कि कुछ दलाल लोगों द्वारा गुण्डागर्दी करके किसानों से अंगूठा लगवाकर बीज का गबन कर लिया जाता है। बताया कि सरकार से जो बीज किसानों को मिलता है, उसमें बीज करीब 80 कुन्तल चना का क्लस्टर है, लेकिन महज 80 किलो ही प्राप्त हो सका। आरोप है कि इसी प्रकार खरीफ फसल में सोयाबीन व मूंगफली का बीज भी गायब कर दिया गया, जिससे किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने जिलाधिकारी से प्रकरण की जांच करायी जाकर कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है। पत्र देते समय नन्हें भईया, राजेन्द्र, चंदबाई, बृजभान के अलावा अनेक किसान मौजूद रहे।

### जखौरा मंडल अध्यक्ष के प्रति अमर्यादित टिप्पणी

**ललितपुर।** भाजपा की जखौरा मण्डल अध्यक्ष प्रियंका राजपूत पत्नी जितेन्द्र सिंह ने पुलिस को लिखित शिकायती पत्र भेजा है। बताया कि उसके पति खेती-किसानी करते हैं, इसके साथ ट्रक-ट्रॉला के मालिक का कारोबार करते हैं। आरोप है कि विगत 23 अगस्त को गांव की रंजिश एवं सामाजिक पहचान खराब करने के उद्देश्य से ग्राम सिवनी निवासी एक युवक द्वारा फेसबुक पर लगातार उसके पति के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी की जा रही है। मण्डल अध्यक्ष ने बताया कि इन सभी मर्यादित टिप्पणी को लेकर उनके पति काफी डिप्रेशन में हैं। उन्होंने मामले की जांच करायी जाकर उक्त युवक के खिलाफ कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है।

### त्योहारी समय मीट का व्यापार रखा जाए बंद

**ललितपुर।** दशलक्षण महापूर्व, श्रीगणेश चतुर्थी और डोल ग्यारस (जलबिहार) महोत्सव के साथ-साथ अनन्त चर्तुदशी के दिन श्रीगणेश विसर्जन को लेकर पडने वाले सभी पवित्र दिनों में अण्डे, मांस, मछली इत्यादि के व्यापार को प्रतिबंधित करने की मांग करते हुये वार्ड संख्या 18 के पार्षद आलोक कुमार जैन मयूर ने एक पत्र जिलाधिकारी अमनदीप डुली को सौंपा है। पत्र में उन्होंने बताया कि 27 अगस्त से 7 सितम्बर तक जैन धर्म एवं सनातन धर्म के त्यौहारों-पर्वों पर जिले में अण्डे, मांस, मछली का व्यापार पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया जाना जनहित में आवश्यक है। उन्होंने बताया कि पर्यूषण पत्र अहिंसा का प्रतीक है। इसलिए इस व्यापार को उक्त तिथियों तक बंद रखा जाना आवश्यक है।

---

त्योहारों को देखते हुए सुरक्षा और शांति व्यवस्था कायम करने के लिए हुई बैठक

# सड़कों को किया जाएगा गड्ढा मुक्त अतिक्रमण को भी हटाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

आगामी त्योहारों गणेश उत्सव, जल विहार, ईद-उल-मिलाद नवी/बारावफात, विश्वकर्मा जयंती, अनंत चतुर्दशी, जैन पर्यूषण पर्व के अवसर पर जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था व तैयारियों के लिए जिला प्रशासन ने कमर कस ली है, जिसके लिए जिलाधिकारी श्री अमनदीप डुली ने पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों, धर्मगुरुओं तथा सभ्रान्त नागरिकों के साथ बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि कोई भी नई परम्परा शुरु नहीं की जाएगी, प्रत्येक आयोजन स्थल एवं जुलूस के मार्गों पर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी भ्रमण कर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करायेंगे।

गणेश उत्सव के तहत 87 प्रतिमाएं स्थापित की जा रही हैं, इनके आसपास पर्याप्त सफाई करायी जाये और पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल तैनात रहे। सभी आयोजन स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाये जायें, जुलूस मार्गों पर गड्ढे भरवाकर सड़क की मरम्मत करायी जाए और अतिक्रमण हटवाया जाए। जर्जर तारों को ठीक कराया जाए तथा अन्ना जानवरों को प्रतिबंधित किया जाए। इसके साथ ही सभी थानाध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्रों में शान्ति समिति की बैठके आयोजित करा लें। उन्होंने सभी धर्मगुरुओं से भी कहा कि अपने-अपने लोगों को शान्तिपूर्ण तरीके से त्यौहार मनाने के लिए प्रेरित करें, आयोजन स्थलों पर वॉलेन्टियर्स तैनात करें और सतत निगरानी रखें। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये कि आयोजन स्थलों पर सुरक्षा और यातायात व्यवस्था सुचारु रखें, किसी भी सार्वजनिक रास्ते पर अवैध तरीके से वाहन खड़े नहीं होने चाहिए। त्यौहारों के दौरान निबार्ध विद्युत एवं पेयजल आपूर्ति की जाएगी।



### पुलिस बल महिला कांस्टेबल सहित तैनात रहेगा

पुलिस अधीक्षक मो मुश्ताक ने कहा कि सभी झांकियों पर पुलिस बल महिला कांस्टेबल सहित तैनात रहेंगे, विसर्जन के दौरान गोताखोर व नावें उपलब्ध रहेंगी, इसके साथ ही सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जाएगी, इसके भ्रामक पोस्ट करने या शेयर करने से बचें। सभी क्षेत्राधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में निरंतर भ्रमणशील रहकर अराजक तत्वों पर निगरानी रखें, किसी भी दशा में कोई घटना घटित न होने पाये। उन्होंने जनपदवासियों से भी अपील की यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति या पोस्ट आपके संज्ञान में आती है तो तत्काल पुलिस प्रशासन को बतायें।बैठक के दौरान ही जैन धर्म के लोगों ने जैन मंदिर से मूर्ति चोरी होने की घटना का मात्र 12 घण्टों में खुलासा करने पर पुलिस प्रशासन की सराहना की और धन्यवाद दिया।

### धर्मगुरुओं ने त्येहारों को लेकर सुझाव दिए

बैठक में धर्मगुरुओं के द्वारा त्यौहारों के आयोजन के सम्बंध में सुझाव दिये गए और कुछ मांगे भी जिला प्रशासन के समक्ष रखी गईं, जिनमें प्रमुखतः शहर के अधिकांश रास्तों पर गड्ढों को भरवायें जाने का आग्रह किया गया, जिस पर सम्बंधित विभागों को मार्ग मरम्मत के निर्देश दिये गए। इसके अलावा सुमेरा तालाब में पानी कम होने की समस्या बतायी गई, जिस पर निर्देश दिये गए कि गोविन्द सागर बांध से पानी का भराव कराया जाए। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 अंकुर श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, समस्त क्षेत्राधिकारी, उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार, उप जिलाधिकारी न्यायिक मड़ावरा धनश्याम भारती, उप जिलाधिकारी तालबेहट अभिजीत सिंह, उप जिलाधिकारी रजनीश कुमार, तहसीलदार तनवीर हसन, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका दिनेश विश्वकर्मा, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल सहित परिवहन, विद्युत, आबकारी, जल निगम, जल संस्थान सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारी, प्रमुख धर्मगुरु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

---

आज आएंगी उत्तर प्रदेश की राज्यपाल

# कार्यक्रम को भव्यता से कराने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

गुरूवार को प्रदेश की राज्यपाल के जनपद आगमन व कल्याणसिंह सभागार में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रुप देने के लिए मंगलवार को जिलाधिकारी अमलदीप डुली ने सभी विभागों के अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक कर दिशा-निर्देश दिये। डीएम ने एक-एक कर सभी विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति जानी और अद्यतन प्रगति की बुकलेट आज शाम तक ही तैयार कर लेने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि महामहिम राज्यपाल के कार्यक्रम को पूरी भव्यता व सादगी से आयोजित किया जाएगा, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। सभी अधिकारी उनको सौंपे गए दायित्वों का पूरी निष्ठा और सतर्कता के साथ निभायें। बताया गया कि 28 अगस्त को सुबह 9.55 बजे हवाई सफर करके पुलिस लाइन हेलीपेड पर उतरेंगी और कार द्वारा सुबह 10 बजे कल्याणसिंह सभागार पहुंचकर आंगनबाड़ी किट वितरण कार्यक्रम में प्रतिभाग एवं सम्बोधन करेंगी। इसके बाद 11.35 बजे सभी जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ कलैक्ट्रेट सभागार में जनपद के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक करेंगी। इसके उपरान्त हैलीपेड से लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगी। बताया गया कि बैठक में समीक्षा हेतु बुकलेट में जनसेवाओं के डिजीटाईजेशन हेतु आईसीसीसी / वीआईसीसीसी,



जनपद में नदियों का पुनरोद्धार, आईएसओ प्रमाणन, बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिसिस, बाल गृहों में निवासरत बच्चों को आधार की मदद से घर वापसी, कारी पहाड़ी गौशाला में बोबर गैस प्लाण्ड स्थापना एवं घरों में रसोई गैस की आपूर्ति, मातृ स्वास्थ्य देखभाल के प्रचार-प्रसार हेतु नवाचार, आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण व निष्प्रयोज्य सामग्री से खिलौनों का निर्माण, जनपद में 12 से 18 वर्ष की ड्रॉपआउट किशोरियों का विद्यालय में नामांकन हेतु सर्वे, विद्यालयों में बाल संसद के माध्यम से किये गए अभिनव प्रयोग, विद्यालयों में किचिन गार्डन का अभिवन प्रयोग, निपुण भारत मिशन के अंतर्गत अभिनव प्रयोग, ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत अभिनव प्रयोग, 112 खेल मैदानों/मिनी स्टेडियम का निर्माण, आकांक्षात्मक विकासखण्ड के विद्युत से अवेसित ग्रामों को सोलर पावर से ऊजीकृत किया जाना, ठोस एवं तरल अवशिष्ठ प्रबंधन आदि परियोजनाओं की प्रगति को शामिल किया गया है। बैठक में सीडीओ शेषनाथ चौहान, एडीएम अंकुर श्रीवास्तव, एएसपी कालू सिंह, सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद, प्रधानाचार्य मेडिकल कॉलेज डा. मयंक शुक्ला मौजूद रहे।

---

जय अंबे रक्तदान समिति का प्रयास

# 8 माह की बच्ची को किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

निजी चिकित्सालय में भर्ती 8 माह की बच्ची तमन्ना यादव निवासी ग्राम निवाओ बुढवार को रक्त की आवश्यकता होने की सूचना समाजसेवी रानू यादव ने दी और बताया की बच्ची के पिताजी सनमान यादव ने एक माह पहले एक जरूरतमंद को अपना ब्लड रक्तदान कर चुके है और आज सनमान यादव की 8 माह की पुत्री तमन्ना यादव को ब्लड की आवश्यकता है और बच्ची के पिताजी सनमान यादव ब्लड देने मे अक्षम है और सनमान अपनी 8 माह की पुत्री को ब्लड के लिए परेशान हो रहे है तुरंत समिति ने देवेंद्र झां को सूचना दी सभी ने बैंक पहुंचकर तमन्ना यादव को देवेंद्र झां ने पहली बार रक्तदान किया



रक्तदाता देवेंद्र झां ने कहा यह मेरा सौभाग्य है कि आज मैंने 8 माह की बच्ची को जीवन दान के रूप में रक्तदान किया मैं सभी युवाओं से अपील करता हूं कि हर जरूरतमंद के लिए अधिक से अधिक रक्तदान करने के लिए आगे आए 8 माह की बच्ची तमन्ना यादव के पिता ने जय अंबे रक्तदान समिति सहित रक्तदाता दका आभार व्यक्त किया इस मौके पर समिति के अध्यक्ष दीपक राठौर समाजसेवी कन्हैया लाल रजक समाजसेवी रानू यादव मौजूद थे।

---

बरसात में नदियों से अवैध खनन के मामले जोर पकड़ लेते हैं

# बालू अवैध खनन रोकने का प्रयास कर रहा खनिज विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

बरसात के समय नदियों से अवैध बालू खनन के मामले जोर पकड़ लेते हैं। जिला मुख्यालय से सटे ग्राम पाचौनी क्षेत्र से निकली शहजाद की बालू निकाले जाने की सूचनाएं लगातार खनिज विभाग को मिल रही थी। गतरात्रि खनिज अधिकारी अमितोष वर्मा के साथ खनन निरीक्षक सुदीप कुमार द्वारा छापामारी की गयी।

इस दौरान मौके पर एक ट्रैक्टर बालू भरकर जा रहा था खनिज अधिकारी को देखकर ट्रैक्टर चालक ने ट्रैक्टर को गड्ढे में फंसा दिया और ट्राली को पलट दिया, ताकि खनिज टीम उसका ट्रैक्टर-ट्राली जप्त ना कर पाएं। लेकिन खनिज अधिकारी अमितोष वर्मा ने मौके पर जेसीबी मशीन मंगवाकर ट्रैक्टर और ट्राली को निकलवाकर अमरपुर स्थित पुलिस चौकी के



सुपुर्द कर अवैध खनन की कार्रवाई की है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि अवैध खनन एवं परिवहन करने वालों पर लगातार सतत निगरानी रखकर कार्यवाही की जा रही है। भविष्य में कोई इस प्रकार का कृत्य करेगा, तो विभाग ऐसे लोगो को विरुद्ध ठोस कार्रवाई अमल में लायेगा।

### *प्रशासन को बरगलाने का किया खूब प्रयास*

*ग्राम पाचौनी प्रधान ने जिलाधिकारी को गत 8 अगस्त को शिकायती पत्र सौंपकर आरोप लगाया था कि शहजाद नदी में अवैध तरीके से खनन करने वाले माफियाओं के खिलाफ खनिज अधिकारी द्वारा कोई कार्यवाही नहीं कर रहे हैं। शिकायत की जांच करने पर पाया कि मामला उलट है और शिकायती पत्र की आड़ में जिला प्रशासन पर दवाब बनाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रधानी की रंजिश को लेकर गांव का सौहार्द बिगड़ा निकटतम समय में प्रधानी के चुनाव आ रहे है और ऐसे में वर्तमान प्रधान द्वारा लगातार पूर्व प्रधान के परिजनों की जा रही। जो कि इस संदेह को बल देता है कि आने वाले चुनाव में पूर्व प्रधान पर दबाव बनाते हुए छवि धूमिल की जाये। चुनावी दावानल की धधकती हुई आग में धीरे धीरे कई ग्राम आयेंगे और शिकायती पत्रों का एक लंबा चिट्ठा पुलिस प्रशासन को लॉ एंड आर्डर बनाये रखने की चुनौती पेश करेगा। जिनसे पार पाना और इंसाफ का इकबाल बुलंद रखना पुजिस के लिए एक बड़ा चैलेंज है।*

---

नगर पालिका परिषद की बैठक

# दो प्रस्तावों पर व्यापारियों ने जताई आपत्ति, स्वीकृत न करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

नगर पालिका परिषद की बैठक में रखे जा रहे प्रस्ताव संख्या 1357, 1358 को जनहित में स्वीकृत न किये जाने की मांग को लेकर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल ने नगर पालिका के प्रशासक/एसडीएम सदर मनीष कुमार को पत्र भेजकर व अधिशाषी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा से मुलाकात की। व्यापारी नेताओं ने बतायाकि नगर पालिका द्वारा आयोजित की जा रही बैठक में उपरोक्त दोनो प्रस्ताव स्वीकृति हेतु रखे जा रहे है, इससे आम जन प्रभावित होगा और उनका अनावश्यक रूप से आर्थिक उत्पीडन व शोषण होगा। बताया कि बोर्ड प्रस्ताव संख्या 1357 के द्वारा नगर क्षेत्र स्थित खाली भूखण्ड पर गोबर, कचरा, मलवा, लकडी एवं अन्य निष्प्रयोजित सामग्री/कचरा रखने पर न्यूनतम 5 से 25 हजार रुपये के चालान करने हेतु प्रस्ताव रखा जा रहा है, जो कि जनहित में उचित नही है। इतः इसे निरस्त किये जाने की आवश्यकता है। बोर्ड प्रस्ताव संख्या 1358 के संबंध में अनुरोध है कि उपरोक्त प्रस्ताव के संबंध में बोर्ड प्रस्ताव संख्या 134 एवं बोर्ड प्रस्ताव संख्या 2536 पूर्व में रखे गये थे, किन्तु उनको आगामी वित्त वर्ष के लिये स्थगित कर दिया गया था। नगर पालिका द्वारा बोर्ड प्रस्ताव संख्या 253 एवं रखे जा रहे बोर्ड प्रस्ताव संख्या 1358 में गृहकर के अलावा जलकर को भी आपने सम्मिलित किया है। जबकि जलकर के संबंध में निर्णय लेने का आपको कोई अधिकार नही है। इस संबंध में 1975 के द्वारा जल निगम/जल संस्थान को अधिकार है। बोर्ड प्रस्ताव संख्या 134 के द्वारा गृहकर



की चालू मांग पर नियत तिथि पर अथवा उसके पूर्व जमा करने पर क्रमशः 7,5ए 5 की छूट का प्रावधान किया जा रहा है वह स्वागत योग्य है। किन्तु बकाया राशि पर 10 वार्षिक सरचार्ज आरोपित करना न्यायोचित नही है और उसे वापिस लिया जाना चाहिए। नगर पालिका परिषद ललितपुर को यह विदित है कि अनावासिक के सम्बन्ध में गलत स्लैब बनाये जाने एवं गलत वसूली के विवाद को व्यापार मण्डल लगातार 12-13 वर्षो से उठाता रहा है। उपरोक्त विवाद के संबंध जिला उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल रजि. के बैनर पर वर्ष 2021 मे माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद में रिट याचिका संख्या 694/2021 दायर की थी, तथा साथ ही दो अन्य याचिकायें थी, व्यापारियों द्वारा दायर की थी जो इसी रिट का पार्ट है एवं उच्च न्यायालय से बल पूर्वक वसूली न करने का आदेश/स्टे भी संगठन को प्राप्त है। व्यापारियों ने दोनों प्रस्ताव स्वीकृत न किये जाने की मांग उठायी है। इस दौरान भाजपा महामंत्री महेश भैया, प्रदेश चेयरमैन महेंद्र जैन मयूर, जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार त्रिपाठी, महामंत्री अनिल जैन, नगराध्यक्ष महेश जैन, नगर युवा अध्यक्ष मनोज सोनी, प्रदेश कार्य समिति सदस्य अभय जैन एड., पार्षद आलोक जैन मयूर, रिक्की जैन, विनोद जैन, उदयभानसिंह यादव, बासु जैन, अमित विशवारी मौजूद रहे।

---

जिला गंगा समिति की मासिक बैठक संपन्न

# बंडई नदी व तालाब का होगा पुनरोद्धार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिलाधिकारी अमनदीप डुली की अध्यक्षता में गंगा समिति की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अमनदीप डुली ने परियोजना निदेशक, राज्य स्वच्छ गंगा मिशन के पत्र के सन्दर्भ में अवगत कराया कि जनपद में नदी पुनरोद्धार हेतु मडावरा ब्लॉक में 9 किमी लम्बी बंडई नदी एवं वाटर बॉडी पुनरोद्धार हेतु जाखलौन ब्लॉक में जाखलौन तालाब का चयन कर लिया गया है। शासन से प्राप्त निर्देशों के क्रम में सभी कार्यदायी विभाग जल्द नदी व तालाब का भौतिक सत्यापन कर कार्ययोजना तैयार करेंगे। बताया गया कि नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत गंगा और उसकी सहायक



नदियों की निर्मलता, अविरलता तथा संरक्षण के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे है। नमामि गंगे कार्यक्रम के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए समय-समय पर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाते है। इसी क्रम में नदियों की स्वच्छता एवं संरक्षण हेतु जनपद के विद्यालयों के छात्र- छात्राओं को जागरूक किये जाने के लिए विस्तृत चर्चा, गंगा शपथ, गंगा कथा, नदी प्रेरक का चयन, पेंटिंग प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता तथा शैक्षणिक भ्रमण इत्यादि गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। जिला गंगा समिति एवं बुंदेलखंड सेवा संस्थान द्वारा जल चौपालों का आयोजन भी किया जायेगा। गंगा सम्मान पुरस्कार के लिए आवेदन 30 अगस्त तक भेजे जाने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में डीएफओ गौतम सिंह, आईएफएस आकांक्षा जैन, अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग भूपेश सुहेरा, प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड से अनिल शर्मा, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग अजय सचान, अधिशासी अभियंता जल निगम संजीव मौर्या, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका दिनेश विश्वकर्मा, परियोजना अधिकारी गंगा समिति केतन दुबे उपस्थित रहे।

---

# सर्वसम्मति से चुने गए संघर्ष समिति के पदाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर बार

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई बार (सम्बद्ध-अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ, नई दिल्ली) की बैठक ब्लॉक संसाधन केंद्र बार के प्रशिक्षण हाल में जिला कोषाध्यक्ष अनिल त्रिपाठी, जिला संगठन मंत्री अरविंद सिंह राजपूत, संजीव जैन टडैय़ा के आतिथ्य एवं ब्लॉक अध्यक्ष ब्रजेश चौरसिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक के पूर्व अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात बैठक की अध्यक्षता करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष ब्रजेश चौरसिया ने कहा कि उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के संगठन में ब्लॉक इकाई बार के विस्तार हेतु संघर्ष समिति के गठन का प्रस्ताव जिलाध्यक्ष विनोद निरंजन, जिलामंत्री शकुंतला कुशवाहा के अनुमोदन के पश्चात ब्लॉक बार में ब्लॉक कार्यकारिणी के अन्तर्गत एक संघर्ष समिति के तीन महत्वपूर्ण पदों पर अध्यक्ष सुरजीत भास्कर, मंत्री अरविंद सिंह चौहान एवं कोषाध्यक्ष सौरभ गुप्ता को चुना गया। यह संघर्ष समिति संगठन को मजबूती प्रदान करने में मील का पत्थर बनेगी। जिला कोषाध्यक्ष अनिल त्रिपाठी ने कहा कि संगठन शिक्षकों के हितार्थ कार्य कर रहा है। जिला कार्यकारिणी समिति शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण हेतु हमेशा तैयार है। शिक्षक/शिक्षिकाएं अपनी समस्याएं लिखित संगठन के पदाधिकारियों तक पहुंचायें, जिससे समस्याओं का समाधान किया जा सके। चयन वेतनमान की पत्रावलियां बीआरसी कार्यालय में शीघ्र जमा करें।


---

वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान के तहत लगाया जन जागरूकता कैंप

# वित्तीय समावेशन को सशक्त करने किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित तीन माह का वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान जोकि 1 जुलाई से 30 सितंबर तक चलाया जा रहा है । इसी क्रम को विकास खंड बिरधा की ग्राम पंचायत बंट के पंचायत भवन में एक वित्तिय साक्षरता कैम्प का अयोजन जनपद ललितपुर जिले का अग्रणी बैंक पंजाब नेशनल बैंक की शाखा बंट के द्वारा आयोजित किया गया। आरबीआई व आरोह फाउंडेशन से ए एफ सी आदि द्वारा किया गया। इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण व दूर-दराज के क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को बैंकिंग सेवाओं,प्रधानमंत्री जनधन खाते, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा अटल पेंशन योजना, मुद्रा योजना, मुख्यमंत्री युवा उधमी योजना किसान क्रेडिट कार्ड योजना से जोड़ते हुए वित्तीय समावेशन को सशक्त करना है। कार्यक्रम में अनेक वरिष्ठ अधिकारी एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम




में पंजाब नेशनल बैंक के जिला अग्रणी प्रबंधक श्री रंजीत कुमार ने उपस्थित सैंकड़ो महिला पुरुष से उनकी समस्या सुनी समाधान करने का आश्वासन दिया और उपस्थित समूह की महिलाओं से समूहों के बारे में जानकारी ली और उसको आगे कैसे बढ़ाया जाए उसके बारे में बताया। साथ ही मुख्यमंत्री युवा उधमी योजना के बारे में भी बताता। उपस्थित किसानो के किसान क्रेडिट कार्ड के बारे में बताया अगर समय से पैसा जमा करते है तो ब्याज में भी छूट दी जाती है। बैंकिंग सेवाओ से जुड़ने ओर हो रहे डिजिटल फ्रॉड से कैसे बचा जा सके बताया। साथ ही आत्मनिर्भर के उद्देश्य के तहत इच्छुक व्यक्तियों को दूध डेयरी को बढ़ावा देने हेतु ऋण उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न वित्तीय एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई और मौके पर ही लाभार्थियों को सेवाओं से जोड़ने को प्रेरित किया गया। इस मौके पर पंजाब नेशनल बैंक शाखा बंट से शाखा प्रबंधक राहुल गौतम, ऑफिसर मनीष तिवारी, छऊट ऑफिस से वरिष्ठ प्रबंधक मुकेश पटेल, संदीप साध और बीसी हेड धर्मेंद्र पाठक व पंजाब नेशनल बैंक बंट समस्त स्टाफ, ग्राम प्रधान, और उनके प्रतिनिधि, व अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

### पुलिस की विशेष टीम, साइबर तकनीक, मुखबिर की सहायता से पकड़ाई गैंग

# हाईवे पर ट्रक कटिंग करने वाले 14 आरोपियों से 61 लाख का माल जब्त

### यह गिरोह साल 2023 से अब तक अनेक वारदातों को दे चुका था अंजाम






हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले की सीमा से गुजरे राष्ट्रीय राजमार्गों पर ट्रक कटिंग की अनेकों वारदातों को अंजाम देने वाले गिरोह का राजगढ़ पुलिस ने पर्दाफाश किया है। यह गिरोह साल 2021 से ट्रक कटिंग की वारदातों को अंजाम देता आ रहा था। पुलिस ने कुल 14 आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए उनके पास से करीब 61 लाख रुपए का माल बरामद किया है।

पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने मंगलवार दोपहर कन्ट्रोल रूम में एक प्रेसवार्ता आयोजित कर पूरे मामले पर से पर्दा उठाया। उन्होंने बताया कि देवास-शाजापुर, पंपापुर, मखावद(शाजापुर) के युवाओं ने कम समय में अधिक पैसा कमाने के लालच में अपनी गैंग बनाई। यह गैंग रात्रि के समय चलते ट्रकों से कपड़े, इलेक्ट्रॉनिक्स, प्लास्टिक मटेरियल, कीटनाशक दवाईयां, कॉस्मेटिक आयटम व अन्य सामग्री ट्रक कटिंग करते हुए चोरी करते थे। जिले में लगातार घटित हो रही इन घटनाओं को देखते हुए प्रत्येक मामले की बारीकी से जांच हेतु एडिशनल एसपी केएल बंजारे, एसडीओपी सारंगपुर अरविंद दिवाकर के मार्गदर्शन में अलग-अलग विशेष टीमें गठित की गई। इन टीमों द्वारा 30 से 35 दिनों तक रात्रि में सतत निगरानी की गई वहीं सायबर तकनीक, सीसीटीवी फुटेज, मुखबिर तंत्र की सहायता एवं कडी से कड़ी जोड़ते हुए अंततः सभी आरोपियों को माल समेत गिरफ्तार कर लिया गया।

### गिरोह के सदस्य ऐसे करते थे ट्रक कटिंग

पुलिस ने बताया कि गिरोह ने आर्गनाईज्ड स्टाईल में टीम बनाई थी। कुछ सदस्य चलते ट्रक पर चढ़कर कंटेनर, ट्रकों का ताला काटकर माल गिराते थे। गिरोह की दूसरी टीम जो पीछे चल रही होती थी वह बाईक व पिकअप से माल उठाती थी और तीसरी टीम पुलिस की गतिविधियों पर नजर रखते हुए लोकेशन की सूचना देती रहती थी।

### 14 आरोपी गिरफ्तार 3 की तलाश जारी

पुलिस ने बताया कि गिरोह के 7 सदस्यों को राजगढ़ पुलिस पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है जिनमें प्रमोद पिता अनिल कंजर निवासी पम्पापुर, सुमेश पिता नरेश हाड़ा निवासी मखावद जिला शाजापुर, निखिल उर्फ कालू पिता शांतिलाल कंजर निवासी पीपलरावा, जहीर पिता सत्तारखां निवासी भूराखेड़ी सारंगपुर, जमील पिता फक्करूदीन मेवाती निवासी अलीसर खेड़ा जिला शाजापुर, राशिद पिता रफीक खां निवासी भुराखेड़ी सारंगपुर एवं पकंज पिता पीरूलाल निवासी तलेनी सारंगपुर शामिल हैं। इसके साथ ही सात आरोपियों को हालिया गिरफ्तार किया गया है जिनमें मिथुन पिता हड़मत कंजर निवासी पम्पापुर(लूट, चोरी के 24 अपराध दर्ज), आकाश पिता अनोखीलाल पीपलरावा, गोविन्द पिता संतोष मखावद, देवसिंह पिता हेमराज निवासी पम्पापुर, दीपक पिता सुनील पीपलरावा, डिब्बु उर्फ यश पिता अनिल हाड़ा पीपलरावा एवं अजय पिता सुनील झांझा निवासी मखावद शामिल हैं। तीन आरोपी आशु पिता हड़मत निवासी पम्पापुर, रितिक पिता तिवारी निवासी पीपलरावा एवं विकास पिता अनोखीलाल निवासी पीपलरावा फिलहाल फरार है जिनकी तलाश जारी है।

### माल समेत कई वाहन भी किए जब्त

आरोपियों के पास से पुलिस ने कपड़ों की अनेकों गठानें, 03 एलईडी टीवी, कीटनाशक दवाईयां, वाशिंग मशीन, फ्रीज सहित एक पिकअप, एक ब्रेजा वाहन, एक हुन्डई आईटेन कार, एक बजाज पल्सर बाईक, एक होंडा शाईन बाईक समेत अन्य माल बरामद किया है।

### भर्तीः 519 में से 351 युवाओं ने पास की दौड़

विदिशा। सेना भर्ती रैली के पांचवें दिन युवाओं ने जोश और उमंग के साथ भागीदारी की। इस दिन मप्र के नर्मदापुरम, अशोकनगर और दमोह जिलों से आए युवाओं ने अपनी प्रतिभा और शारीरिक क्षमता का प्रदर्शन किया। सेना भर्ती कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, भर्ती प्रक्रिया में 699 उम्मीदवारों में से 519 ने उपस्थिति दर्ज कराई, जिनमें से 351 युवाओं ने दौड़ की परीक्षा पास की। दौड़ पास करने वाले उम्मीदवार अब शारीरिक प्रवीणता परीक्षण, कागजी कार्रवाई और मेडिकल जांच से गुजरेंगे।

### नकद इनाम की घोषणा

विदिशा। एसपी ने थाना सिरोंज के दो एवं थाना गंजबासौदा में दर्ज एक प्रकरण के फरार आरोपियों की सूचना देने अथवा गिरफ्तारी कराने में मदद करने वाले के लिए तीन-तीन हजार का नगद इनाम देने की घोषणा की है। थाना सिरोंज में दर्ज दो अपराध में फरार आरोपी प्रमोद कुमार और जुनूश मियां के फरार आरोपी समंदर उर्फ सौमेन्द्र गुर्जर की सूचना देने या गिरफ्तारी में मदद करने वाले के लिए 3-3 हजार का इनाम दिया जाएगा।

# यात्रियों से भरी बस ने गायों को मारी टक्कर, बस का पीछा कर की तोड़फोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

भोपाल-सागर हाईवे पर सोमवार देर रात यात्रियों से भरी एक बस ने सड़क पर बैठी गायों को टक्कर मार दी। घटना सांची पास की है, जहां इंदौर से सीधी जा रही बस ने गायों को टक्कर मार दी। हादसे के बाद भी ड्राइवर ने बस नहीं रोकी।

घटना से गुस्साए युवकों ने बाइक से बस का पीछा किया। बस को विदिशा में हवेली ढाबा के पास रोककर पथराव किया और कांच तोड़ दिए। ड्राइवर के साथ भी मारपीट की कोशिश की गई। हालांकि बस में सवार कोई यात्री घायल नहीं हुआ है। पथराव और गुस्साए लोगों की भीड़ देखकर बस में सवार यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। सिविल लाइन पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। बस में सवार यात्रियों को दूसरे वाहन से रवाना किया। सांची पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बस को जब्त कर लिया है। मंगलवार दोपहर तक सिविल लाइन थाने में कोई शिकायत दर्ज नहीं हुई।

### लगातार एक्सीडेंट का शिकार हो रहे गोवंश

उसी रात अग्रवाल एकेडमी के पास एक स्कॉर्पियो ने 2 गायों को टक्कर मार दी। घायल गायों को नगर पालिका की गाड़ी से विट्ठल नगर गौशाला ले जाया गया। हाईवे अथॉरिटी का दावा है कि आवारा मवेशियों को हटाने के लिए पेट्रोलिंग वाहन तैनात किए गए हैं। इसके बावजूद हाईवे पर बैठे मवेशी दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि अगर सही से पेट्रोलिंग होती, तो ऐसी घटनाएं रोकी जा सकती थी।


### 2 प्रकरणों में जिला बदर की कार्रवाई

विदिशा। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अंशुल कुमार गुप्ता ने दो प्रकरणों में जिला बदर के आदेश जारी कर दिए हैं। एसपी रोहित काशवानी के प्रतिवेदन पर जिन दो प्रकरणों में जिला बदर की कार्रवाई की गई है। उनमें इरफान खां पुत्र असफाक खां उम्र 38 साल निवासी राजेन्द्र नगर गंजबासौदा एवं अकरम मंसूरी (खत्री) पिता जलाल मंसूरी उर्फ जलालुद्दीन उम्र 39 वर्ष निवासी लोहांगी मोहल्ला काली मस्जिद थाना कोतवाली को जिला एवं सीमावर्ती जिला रायसेन, भोपाल, गुना, अशोकनगर, सागर, राजगढ़ की राजस्व सीमा से एक-एक वर्ष की अवधि के लिए उसे निष्कासित किया गया है।

### गत दिवस पचोर-तलेन मार्ग पर हुआ था हादसा

# स्कूल बस हादसे के मामले में प्राचार्य और संचालक को नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़


कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, जिला राजगढ़ म.प्र.
क्रमांक/योजना/शिक्षा/2025/3557 राजगढ़, दिनांक 25.08.2025
प्रति,
प्राचार्य/संचालक
आदर्श पब्लिक स्कूल ग्राम चौमा
विकास खण्ड नरसिंहगढ़
विषय :- आपकी संस्था की स्कूल बस ड्राईवर की लापरवाही से बस खाई मे गिरने के संबंध मे कारण बताओ सूचना-पत्र।
[illegible]
(कलेक्टर महोदय जिला राजगढ़ द्वारा अनुमोदित)
जिला शिक्षा अधिकारी
जिला राजगढ़ म0प्र0
पृ. क्रमांक/योजना/शिक्षा/2025/3558 राजगढ़, दिनांक 25.08.2025
प्रतिलिपि,
1 कलेक्टर महोदय जिला राजगढ़ की ओर सादर सूचनार्थ।
2 संयुक्त संचालक महोदय लोक शिक्षण भोपाल संभाग भोपाल की ओर सादर सूचनार्थ।
3 विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी विकास खण्ड नरसिंहगढ़ की ओर सूचनार्थ एवं पत्र तामिल करने हेतु।
जिला शिक्षा अधिकारी
जिला राजगढ़ म0प्र0

गत दिवस पचोर-तलेन मार्ग पर आदर्श पब्लिक स्कूल चैमा की बस के चालक ने वाहन को लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए बस पलट दी थी। इस हादसे में 49 बच्चों को चोंटें आई थी। आरोप यह भी थे कि स्कूल बस का चालक शराब के नशे में वाहन चला रहा था।

उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए जिला शिक्षाधिकारी करण सिंह भिलाला ने उक्त स्कूल के प्राचार्य एवं संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस में उल्लेख है कि संस्था द्वारा छात्रों के हित में कोई समिति भी नहीं बनाई गई है न ही संचालक/प्राचार्य द्वारा उक्त समिति की मॉनिटरिंग की जाती है। संस्था की लापरवाही एवं उदासीनता के चलते उक्त घटना घटित हुई है। ऐसे में नोटिस जारी करते हुए प्राचार्य एवं स्कूल संचालक से जवाब मांगा गया है कि क्यों न आपके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जाए।

### संकुल प्राचार्य से भी मांगा जांच प्रतिवेदन

डीईओ ने इस मामले में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तलेन के प्राचार्य अशोक पाटीदार को भी पत्र जारी करते हुए उक्त हादसे के संबंध में विस्तृत जांच-प्रतिवेदन मांगा है। उक्त प्रतिवेदन एवं स्कूल प्रबंधन द्वारा प्रेषित नोटिस के जवाब के आधार पर आगामी कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।




# नगर गौरव दिवस पर शहीद मनीष विश्वकर्मा को नमन

खुजनेर। 26 अगस्त 2025 को नगर परिषद खुजनेर द्वारा अमर शहीद मनीष विश्वकर्मा की स्मृति में नगर गौरव दिवस का आयोजन किया गया। विदित हो कि इसी दिन बारामूला (जम्मू-कश्मीर) में शहीद मनीष विश्वकर्मा ने मातृभूमि की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया था कार्यक्रम का शुभारंभ बस स्टैंड परिसर स्थित मांगलिक भवन में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुआ। इस अवसर पर शहीद मनीष विश्वकर्मा के माता-पिता का सम्मान किया गया। तत्पश्चात छत्रपति शिवाजी बस स्टैंड पर स्थापित शहीद की प्रतिमा पर विधायक श्री अमर सिंह यादव, वरिष्ठ समाजसेवी श्री केदारनाथ गुप्ता ष्काकाष, समस्त पार्षदगण एवं नगर के गणमान्य नागरिकों ने पुष्पांजलि अर्पित की।मुख्य अतिथि विधायक अमर सिंह यादव एवं केदारनाथ गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि ष्मनीष विश्वकर्मा भारत माता की रक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए। उनका बलिदान अमर है और सदैव स्मरणीय रहेगा सांस्कृतिक कार्यक्रम में सरस्वती शिशु मंदिर, मधुकुंज एकेडमी एवं शातिकुंज एकेडमी के बच्चों ने देशभक्ति गीतों एवं नाटिका के माध्यम से शहीद के जीवन का चित्रण किया। कार्यक्रम उपरांत अमृत हरित अभियान के अंतर्गत पौधरोपण भी किया गया इस अवसर पर तहसीलदार, नगर परिषद अध्यक्ष, सभी पार्षदगण, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, नगर के गणमान्य नागरिक एवं परिषद स्टाफ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में मुख्य नगरपालिका अधिकारी कृष्णकांत शर्मा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# 11 वीं राज्य स्तरीय पेंचक सिलाट मार्शल आट्र्स स्पर्धा में राजगढ़ के खिलाड़ियों ने मारी बाजी

सुठालिया। 11 वीं राज्यस्तरीय पेंचक सिलाट मार्शल आट्र्स प्रतियोगिता 23 और 24 अगस्त को रतलाम में आयोजित हुई। इस प्रतियोगिता में राजगढ़ जिले से कार्तिक शर्मा ने स्वर्ण पदक, आदित्य कारपेंटर और मोहित चैहान ने रजत पदक, मयंक राज ने कांस्य पदक प्राप्त किया। एवं अभिषेक दांगी व धवल जोशी ने सहभागिता की। जिला सचिव धर्मराज दांगी ने बताया कि स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी 26 से 28 सितंबर कोप्पल (कर्नाटक) में होने वाली जूनियर नेशनल प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर मध्य प्रदेश सचिव अभय श्रीवास, संरक्षक शअक्षय शर्मा, राजगढ़ जिला सचिव धर्मराज दांगी, अध्यक्ष किशन बैरागी, उपाध्यक्ष अंकित विश्वकर्मा, कोच हर्षित वर्मा, गौतम सेन आदि ने खिलाड़ियों कि इस उपलब्धि पर बधाई व शुभकामनाएं दी।

# गायों की सुरक्षा को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



मंगलवार को ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस कमेटी के माध्यम से एसडीम के नाम गायों की सुरक्षा हेतु ज्ञापन दिया गया ।उल्लेखनीय है कि मौजूदा हालात में गौ माता की स्थिति बहुत ही बुरी हो चुकी है ना उनके खाने की आस है ना आश्रय की आस है। शासन प्रशासन मूक दर्शक बनकर के उनकी दुर्गति कर रहा है गौशालाओं के नाम पर उनको आश्रय नहीं दिया जा रहा है और ग्रामीण जन फसलों की सुरक्षा के कारण उन्हें रोड पर छोड़ देते हैं। उनकी सुरक्षा के लिए समस्त कांग्रेस पार्टी के सदस्यों द्वारा अधिकारियों को ज्ञापन दिया गया और मांग की गई की गायों को राजकीय पशु का दर्जा दिया जाए जिससे उनकी सुरक्षा के समुचित इंतेजामत हो पाए। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष चन्दर सिंह सोंधिया ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र यादव शहर कांग्रेस अध्यक्ष कपिल शिवहरे जिला पंचायत प्रतिनिधि विश्वनाथ दांगी जनपद सदस्य सुनील दांगी लकी दांगी राधेश्याम दांगी जगदीश सेन संजय बंसल कमलेश विश्वकर्मा दिलीप सिंह बना राजेंद्र खत्री घनश्याम पाराशर खलील कुरेशी दाऊद भाई ईश्वर गुर्जर मनोज यादव घनश्याम शाक्यवार आदि जन उपस्थित रहे।

# बलराम जयंती का कार्यक्रम संपन्न

### किसानों की विभिन्न मांगों के समर्थन में ज्ञापन सौंपा




ब्यावरा। भारतीय किसान संघ जिला राजगढ़ द्वारा 26 अगस्त को बलराम जयंती का कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर भगवान बलराम एवं भारत माता की तस्वीर पर माल्यार्पण कर मिठाई वितरण कर मंडी समिति ब्यावरा में मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि रमेश चंद्र वैश्य जिला सह मंत्री भारतीय किसान संघ, ब्यावरा तहसील अध्यक्ष बलराम सिंह यादव, तहसील मंत्री शिवचरण नागर, ओम प्रकाश जी नागर, रामदयाल नागर, रमेश मेहर, एवम भारतीय मजदूर संघ जिला अध्यक्ष श्री राजेश सक्सेना सहित संगठन के कार्यकर्ता बड़ी संख्या ब्यावरा व सुठालिया के किसान संघ कार्यकर्ता उपस्थित रहे कार्यक्रम के बाद अनुविभागीय अधिकारी ब्यावरा के कार्यालय में मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन के नाम संगठन के सभी कार्यकर्ताओं ने किसानों की विभिन्न मांगो के समर्थन में ज्ञापन सौंपा।

### कुछ का मौके पर निराकरण

# 67 आवेदकों ने कलेक्टर को सौंपे समस्याओं के आवेदन



राजगढ़। जिला मुख्यालय पर हर मंगलवार आयोजित होने वाली जिला स्तरीय जनसुनवाई में कल जिले के विभिन्न अंचलों ने आए 67 आवेदकों ने अपनी-अपनी समस्याओं, मांगों के आवेदन कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा को सौंपे। कलेक्टर ने कुछ शिकायतों का मौके पर ही निराकरण कर दिया वहीं कुछ शिकायती पत्रों को संबंधित विभाग प्रमुख को सौंपते हुए जल्द से जल्द उनका निराकृत करने के निर्देश प्रदान किए। आयोजित जनसुनवाई में ग्राम उदपुरिया निवासी चंदरसिंह ने बताया कि आवेदक की भूमि मोहनपुरा परियोजना में आने से अभी तक उसे मुआवजा राशि का भुगतान प्राप्त नहीं हुआ है। कलेक्टर ने ईई मोहनपुरा को जांच हेतु निर्देशित किया। ग्राम रघुनाथपुरा निवासी पिंकीबाई ने बताया कि आवेदिका को पात्र होने के बाद भी अभी तक प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिला है। इस पर कलेक्टर द्वारा जनपद राजगढ सीईओ को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। ग्राम लक्ष्मीपुरा निवासी पुरसिंह ने बताया कि भीलोडा बांध निर्माण में बांध के नाले का पानी आवदेक की भूमि से निकलने से कृषि भूमि व फसल का नुकसान हो रहा है। कलेक्टर द्वारा जल संसाधन विभाग को जांच हेतु निर्देशित किया गया।

# पेंशनर्स कल्याण बोर्ड के संबंध में जिला स्तरीय बैठक

खिलचीपुर। शासन द्वारा गठित पेंशनर्स कल्याण बोर्ड के संबंध में मध्य प्रदेश प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन जिला राजगढ़ की एक जिला स्तरीय बैठक जिला अध्यक्ष पंडित दिनेश कुमार नागर की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें जिले की विभिन्न 12 शाखों के अध्यक्षध्सचिव सहित अन्य पदाधिकारीयो की उपस्थिति में शासन द्वारा अभी पुनर्गठित पेंशनर्स कल्याण बोर्ड के संबंध में विस्तृत चर्चा कर विचार विमर्श किया गया। प्रांतीय सचिव लक्ष्मी नारायण त्रिकार ने बताया मध्य प्रदेश प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन प्रदेश में बृहद संगठन है। चिंता जताते हुए विरोध करते हुए बताया कि हमारे संगठन से इस गठित बोर्ड में एक भी पदाधिकारी को सम्मिलित नहीं गया है। वही प्रांतीय संगठन मंत्री अमर सिंह बिखावत ने भी बताया यह गम्भीर त्रुटि है इसमें संगठन की भारी उपेक्षा की गई है प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन की मध्यप्रदेश के 50 जिलों और 400 तहसीलों में कार्यरत शाखाएं हैं जो समय समय पर पूरे प्रदेश में पेंशनर्स की मांगों और समस्याओं के लिए शासन का ध्यान आकर्षित करती हैं। हमारे प्रांताध्यक्षओमप्रकाश बुधोलिया का निवास भोपाल में ही है। जिलाध्यक्ष ने यह भी बताया किसी एक ही संगठन के 3 पदाधिकारी को सम्मिलित किया गया हैं जो नियम विरुद्ध है श्याम जोशी प्रांताध्यक्ष का निवास इंदौर है। पेंशनर्स जिला अध्यक्ष दिनेश नागर ने कहा प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन मध्यप्रदेश के दो सदस्यों प्रांताध्यक्ष एवं प्रांतीय महामंत्री का भी मनोनयन कर उक्त गठित बोर्ड में नाम जोड़े जाए इस संबंध में मध्य प्रदेश शासन को जिले की सभी शाखाए एवं संभाग स्तर से पत्र लिखे जाएंगे। यदि शासन हमारे पत्र पर कार्यवाही नहीं करता तो पूरे प्रदेश में आगामी योजना की रूपरेखा तैयार जावेगी। इस दौरान शाखा अध्यक्ष कृष्ण कुमार गुरगेला, कालूराम शाक्यवार, कैलाश नारायण शर्मा, पी डी सक्सेना, मोहनलाल मालाकार, ओम प्रकाश शर्मा, रामचंद्र चैहान, जगन्नाथ प्रसाद नागर, सचिव नंदकिशोर सोनी, राधेलाल टेलर, के. डी. अग्रवाल, सहित जिले के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण आयोजन को लेकर बैठक संपन्न



नरसिंहगढ़। आगामी सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण धार्मिक आयोजन की तैयारियों को लेकर सोमवार शाम स्टेडियम ग्राउंड में बैठक आयोजित की गई। यह भव्य आयोजन 29 अगस्त से 04 सितम्बर तक स्टेडियम ग्राउंड पर सम्पन्न होगा। बैठक में विभिन्न व्यवस्थाओं का जिम्मा अलग-अलग समितियों को सौंपा गया। इस अवसर पर विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि नगर की सुख-समृद्धि और कल्याण के उद्देश्य से हो रहे इस आयोजन में नगरवासियों को बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। उन्होंने सभी नागरिकों से इसमें सक्रिय सहयोग की अपील की। बैठक में नगर के गणमान्य नागरिकों ने भी आयोजन को सफल बनाने के लिए अपने-अपने सुझाव दिए। इसी क्रम में देर शाम पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी नरसिंहगढ़ पहुंचे और कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने एसडीओपी मिनी शुक्ला तथा टीआई शिवराज सिंह चैहान को सुरक्षा एवं ट्रैफिक व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### गृहणी और कामकाजी महिलाओं ने जताया विरोध, बोलीं- मांफी मांगे पटवारी

# महिलाओं के शराब पीने के बयान पर घिरे कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

पिछले कुछ दिनों से जिले व प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारी अपने वयानों को लेकर चर्चा में बने हुए है प्रियवृत सिंह के जिलाध्यक्ष बनने के साथ ही उनकी उपस्थिती में कांग्रेस पदाधिकारी द्वारा लाडली बहनाओं को बोरी में भरने के वयान अभी ठंडा ही नहीं हो पाया था कि कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा प्रदेश में शराब की खपत में महिलाओं की भागेदारी को ज्यादा बताने पर फिर तूल पकड लिया है। इस पर राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार , राज्यमंत्री गौतम टेटवाल सहित विधायक अमरसिंह एवं हजारीलाल दांगी ने आपत्ति दर्ज कराते हुए इसे कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष का मानसिक दीवालियापन बताया है।

### प्रदेशाध्यक्ष के बयान पर बोली जिले की मातृशक्ति



इस तरह के बयान दुर्भाग्यपूर्ण एवं महिलाओं के सम्मान को ठेस पहुंचाने वाले है इससे कांग्रेस की मानसिकता प्रदर्शित होती है

**मेघा सेन ब्यावरा**



किस आधार पर कहां के आंकडे इकट्ठे किए है कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने। कामकाजी महिलाओं को घर व अपने ऑफिस के काम से फुर्सत ही नहीं मिल पाती जो इस तरह के व्यसनों के बारे में सोचें।

**डॉ नमिता जैन ब्यावरा**



इस तरह के बयान महिलाओं के गौरव और प्रतिष्ठा का ठेस पहुंचाते है। महिलाओं के दूसरे अच्छे और मेहनती पहलूओं की भी चर्चा करना चाहिए।

**डॉ ममता खुईया सारंगपुर,**



सत्ता पाने के लिए लाडली बहनों और लक्ष्मियों को इस तरह से अपमानित करना कांग्रेस की मानसिकता को दर्शाता है जो बेहद शर्मनाक है प्रदेशाध्यक्ष को प्रदेश की मातृशक्ति से माफी मांगना चाहिए।

**मेघा रूण्डवाल सारंगपुर**



आज मातृशक्ति गणेश उपासना कर रही है और निर्जला व्रत रखी हुई है ऐसे में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष का बयान निंदनीय है। उन्हें माफी मांगना चाहिए।

**राजू बाई दांगी राजगढ़**